## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 523.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 31 जुलाई तक 523.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 509.9 मिली मीटर, पुसौर में 627.8, खरसिया में 495.1, सारंगढ़ में 583.5, बरमकेला में 480.4, घरघोड़ा में 517.2, तमनार में 440.8, लैलूंगा में 501.3 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 551.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### इनामी नक्सली डॉक्टर और महिला सदस्य ने किया आत्मसमर्पण समर्पण

**गढ़चिरोली/राजनांदगांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा से लगे गढ़चिरोली में दो इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है। नक्सल सप्ताह के बीच नक्सलियों के इनामी डॉक्टर और महिला सदस्य आत्मसमर्पण किया है। जानकारी के अनुसार 6 लाख के इनामी विनोद उर्फ मनीराम और 2 लाख का इनामी कविता उर्फ सत्तो ने जीवन ने बंदूक छोड़ गढ़चिरोली पुलिस के समक्ष समर्पण किया।

### करंट की चपेट में आने से किसान और दो बैलों की हुई मौत

**धमतरी (आरएनएस)।** जिले के भखारा में शुक्रवार की शाम खेत में काम कर रहे किसान और दो बैलों की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भखारा वार्ड क्रमांक 7 निवासी इतवारी राम 62 वर्ष शुक्रवार के दोपहर लगभग 12 बजे कोलियारी रोड स्थित अपने खेत में बियासी के लिए गया हुआ था। खेत मे काम करते वक्त शाम लगभग साढ़े 4 बजे अचानक वहां से गुजर रहे 440 वोल्ट का विद्युत तार टूट कर गिर पड़ा। जिससे तार में प्रवाहित करंट की चपेट में किसान और बैल आ गए। आसपास के लोगों ने जब इनको छटपटाते देखा तो इसकी सूचना देकर लाइट बंद कराई गई। तब तक किसान इतवारी राम और दोनों बैलों की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मृतक के पुत्र चोवा राम ने भखारा थाना पहुंचकर इसकी सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चोरी की नियत से घर में घूसा आरोपी पकड़ाया,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** चोरी की नियत से घर में घूसे व्यक्ति को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में आरंग थाने में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 457 के तहत अपराध दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरुद आरंग निवासी धनाजी गिलहरे 37 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह व्यवसायी है। गुरुवार की रात अपना दुकान बंद करने के बाद परिवार सहित खाना खाने के बाद सो गया था। जब वह रात 9.30 बजे के करीब पेशाब करने उठा तब गांव का जीवन उर्फ जगजीवन डहरिया पिता धनाजी डहरिया उसके घर में चोरी की नियत से घूसा हुआ था आवाज लगाने पर आरोपी दिवाल फांदकर भागने लगा। चोर-चोर चिल्लाने से गांव वालों की मदद से उसे पकड़कर थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# बैंक से 50 हजार रूपए की उठाईगिरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### » सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ा गया आरोपी

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा अपराध नियंत्रण के साथ आमजन तक पुलिस की पहुंच और अधिक सहज किये जाने के उद्देश्य से सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत बीट सिस्टम को नये सिरे से दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है, सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत थाना, चौकी प्रभारी बीट सिस्टम को अपग्रेड कर बीट प्रभारी को अपने-अपने बीट में सुरक्षा व्यवस्था के साथ सभी प्रकार की गतिविधियों पर निगाह रखने की अहम जिम्मेदारी दी गई है, जिससे आज बेहतर परिणाम सामने आया है।



पुलिस चौकी खरसिया क्षेत्र अन्तर्गत पीएनबी बैंक में 50 हजार रूपये की उठाईगिरी की जानकारी मिलने पर बैंक प्रबंधन द्वारा खरसिया थाना एवं चौकी प्रभारी से सम्पर्क किये जो क्राईम मीटिंग में रायगढ़ आये हुये थे। तब बैंक कर्मचारियों द्वारा बीट प्रभारी को कॉल कर घटना की जानकारी दी गई। बैंक में उठाईगिरी की घटना को गंभीरता से लेते हुये बीट आरक्षक द्वारा चौकी में सूचना देकर पुलिस चौकी में उपलब्ध स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा। बैंक स्टाफ व पीड़ित से पूछताछ कर सीसीटीवी चेक किया गया तथा संदेही को हिक्मत अमली से पूछताछ करने पर घर के बाथरूम में रूपये छिपाकर रखना कबुल किया जिस पर पुलिस टीम पूरे रूपये बरामद कर आरोपी को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार खरसिया के हालाहुली में रहने वाला महेश कुमार ठाकुर (30 साल) विजय किराना स्टोर में काम करता है। आज दिनांक 31/07/2021 को किराना स्टोर व्यवसायी संजय अग्रवाल अपने कर्मचारी महेश ठाकुर को दो लाख रूपये देकर पीएनबी बैंक में जमा करने भेजा था, दोपहर करीब 13.30 बजे महेश 100 तथा 500 रूपये के बंटड लेकर बैंक के काउंटर में रखा, उस समय एक लड़का रूपये जमा कर रहा था, महेश दो लाख रूपये बैंक कैशियर को रूपये जमा करने दिया तो कैशियर 50 हजार रूपये कम होना बताया। तब उसने चेक किया तो एक 500 रूपये का बंडल नहीं था। बैंक स्टाफ को उठाईगिरी की भनक लगते ही खरसिया पुलिस को कॉल कर सूचना दिये। दो दिन पहले ही खरसिया पुलिस बैंक प्रबंधन की मीटिंग लेकर सभी बैंकों में थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, कन्ट्रोल रूम तथा बीट प्रभारी के सम्पर्क नम्बरों के पाम्पलेट चस्पा किया गया था।

उठाईगिरी की सूचना पर सहायक उप निरीक्षक लखनलाल यादव, बीट आरक्षकों के साथ बैंक पहुंचे। बैंक स्टाफ द्वारा सीसीटीवी फुटेज दिखाया गया जिसमें महेश ठाकुर के रूपये जमा करने के दौरान पास खड़े युवक की गतिविधियां सदिग्ध थी। युवक को तत्काल खरसिया स्टाफ द्वारा हिरासत में लिया गया। पूछताछ में युवक रूपये जमा कर वापस घर आ जाना बताया, कड़ी पूछताछ में उसने रूपये चोरी कर बाथरूम में छिपाकर रखना बताया,जिसे उसकी निशादेही पर बरामद किया गया। खरसिया पुलिस रिपोर्टकर्ता महेश ठाकुर के रिपोर्ट पर आरोपी युवक अमन अग्रवाल पिता राजकिशोर अग्रवाल 27 साल निवासी पुत्री शाला रोड़ खरसिया पर धारा 380 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है , जिसे शीघ्र रिमांड पर भेजा जावेगा।

## चिटफंड कंपनियों के निवेशकों से 6 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित




**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्रालय से जारी निर्देश के परिपालन में चिटफंड कंपनियों के निवेशकों से निर्धारित प्रपत्र में 2 से 6 अगस्त 2021 तक आवेदन लिए जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भीम सिंह ने इस कार्य को संपादित करने हेतु जिला स्तर पर पर डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ रोहित सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले निवेशक 2 से 6 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र में सभी आवश्यक जानकारियों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में आवेदक अपना नाम, पता सहित चाही गई जानकारी जैसे वित्तीय संस्थान का नाम, जमा करने की तारीख एवं स्थान, एजेंट का नाम आदि के साथ फार्म प्रस्तुत कर सकते हैं।

कलेक्टर सिंह ने समस्त एसडीएम एवं जनपद सीईओ को अपने अधीनस्थ अमलों के द्वारा उक्त संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा निवेशकों से संलग्न प्रपत्रानुसार आवेदन मय दस्तावेज प्राप्त करने हेतु जनपद पंचायतों एवं सभी नगरीय निकायों में हेल्प डेस्क स्थापित करने एवं नामित अधिकारी एवं कर्मचारी का नाम, मोबा.सहित जानकारी कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

## शादी टूटने से नाराज युवक व्हाटसग्रुप में विवाहिता की भेजता था एडिट फोटो

### » विवाहिता का चरित्र हनन कर रहे आरोपी को जांजगीर से गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली रायगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत निवासरत एक विवाहित महिला के फोटोग्राफ्स एडिट कर उसे व्हाटसअप ग्रुप में शेयर कर महिला का चरित्र हनन करने की शिकायत पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करते हुये कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी को जांजगीर से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे आज रिमांड पर भेजा गया है।



जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली में पीड़ित महिला की मां रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी के विवाह के लिये जांजगीर चांपा निवासी विवेक प्रसाद साहू का रिश्ता आया था। विवेक लड़की को देखकर पसंद किया था पर घरवालों को विवेक पसंद नहीं आया तो रिश्ता की बात आगे नहीं बढ़ाये परन्तु विवेक शादी के लिए दबाव बनाने लगा, आत्महत्या करने की धमकी देने लगा था। बात को आगे न बढ़ाकर लड़की की शादी योग्य वर से कर दिये , जिसके बाद विवेक लड़की के घरवालों का व्हाटसअप ग्रुप बनाकर उसमें लडकी की छवि खराब करने के लिये फोटो एडिट कर शेयर करने लगा। तब कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराये, रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध दिनांक 29/07/2021 को अप.क्र. 1065/2021 धारा 509 (ख) आईपीसी पंजीबद्ध किया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर महिला संबंधी रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्रिय, आरक्षक हेम प्रकाश सोन, मनोज पटनायक को जांजगीर रवाना किये। स्टाफ आरोपी विवेक साहू पिता स्व. रामकृष्ण साहू उम्र 39 वर्ष निवासी कंचनपुर नौराजाबाद उमरिया(एमपी) हाल मुकाम केरा रोड़ जांजगीर,जिला जांजगीर चाम्पा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी के अपराध कबूलनामे बाद उसकी मोबाइल जप्ती की गई है, जिसके जरिये फोटो भेजा करता था, आरोपी को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## पैरालीगल वालिंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**रायगढ़ ।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद के निर्देशन में गत दिवस जिला एवं तहसील में कार्यरत पैरालीगल वालिंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ विवेक कुमार तिवारी के द्वारा पैरालीगल वालिंटियर्स के कार्य का उद्देश्य एवं उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई एवं विभिन्न जानकारियॅा प्रदान की गई। साथ ही उन्होंने छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर में कार्यरत रहने के दौरान विधिक सेवा गतिविधियों से संबंधित अनुभवों को भी साझा किया। चन्द्र कुमार कश्यप, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जो मध्यस्थता प्रभारी भी हैं, के द्वारा मध्यस्थता के विषय में विस्तार से जानकारियॅा दी जाकर मामलों को सुलह-समझौते से किसी प्रकार निपटाया जा सकता है, के विषय में लोगों को पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से जागरूक किये जाने की अपील की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा पैरालीगल वालिंटियर्स से उनके कार्यो के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में पूछा गया तथा उनका समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, सचिव के द्वारा पैरालीगल वालिंटियर्स को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा आगामी नेशनल लोक अदालत 11 सितम्बर 2021 के संबंध में आमजन में प्रचार-प्रसार और उनकी इसमें किस प्रकार प्रभावी सहभागिता हो सकती है, के संबंध में उन्हें समझाया जाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विवेक कुमार तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा चन्द्र कुमार कश्यप, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/मिडियेशन प्रभारी सहित दिग्विजय सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़, प्रबन्ध कार्यालय के प्रतिधारक अधिवक्ता सुश्री शकुन्तला चौहान एवं अन्य अधिवक्तागण शामिल हुए।

## सीएससी अथवा च्वाईस सेंटर में बनवा सकते है आयुष्मान कार्ड

**रायगढ़ ।** भारत शासन एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार आपके द्वार आयुष्मान अभियान जो कि पूर्व में 30 अप्रैल 2021 तक संचालित था, जिसे कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते प्रकरणों के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया था। वर्तमान में उक्त अभियान को पुनः प्रारंभ किए जाने हेतु संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य नोडल एजेंसी से निर्देश प्राप्त हुए है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने जानकारी देते हुये बताया है कि जिले के समस्त पात्र ऐसे हितग्राही जिन्होंने 29 जुलाई 2021 तक आयुष्मान कार्ड पंजीयन नहीं करवाये है वे अपना राशन कार्ड व आधार कार्ड लेकर अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर/च्वाइस सेंटर में जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इससे हितग्राही आपात कालीन अथवा जरूरत के आधार पर योजनान्तर्गत पंजीकृत किसी भी चिकित्सालय में पात्रतानुसार 50 हजार रुपये या 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करवा सकते है।

## पंचायत सचिव संतराम राठिया की सेवा समाप्त

**रायगढ़ ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत घरघोड़ा ग्राम पंचायत भेंगारी के पंचायत सचिव संतराम राठिया को कोविड जैसे कार्य लापरवाही बरतने एवं पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण सेवा से पदच्यूत किया है।

ज्ञात हो कि विभागीय जांच अधिकारी द्वारा 15 जुलाई 2021 को जांच प्रतिवेदन किया गया। जांच आरोप में पंचायत सचिव संतराम राठिया वैश्विक महामारी कोविड-19 के समय अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं स्थानांतरण फलस्वरूप ग्राम पंचायत भेंगारी का प्रभार ग्रहण न कर उच्चाधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों का अवहेलना किया जाना पाया गया।

संतराम राठिया को अंतिम सूचना देते हुए अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु पत्र जारी किया गया जिसकी तामिली 18 जुलाई 2021 को प्राप्त हुई। इनके द्वारा पत्र प्राप्ति के बावजूद भी समयावधि में अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त परिस्थिति के परिपेक्ष्य में छ.ग.पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील)नियम 1999 के 5 शास्तियां (ख)(सात)के तहत संतराम राठिया (निलंबित)ग्राम पंचायत सचिव को सेवा से पदच्यूत किया जाना, जो सामान्यतःभावी नियोजन के लिए अनर्हता होगी शास्ति अधिरोपित की जाती है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## नाले में डूबी मासूम की मिली लाश

**कोरबा (आरएनएस)।** पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत नानपुलाली के कछारपारा निवासी दो वर्षीय मासूम चार दिन पूर्व नाले में बहकर डूब गई थी। जिसकी लाश घटना स्थल से चार किमी दूर आज सुबह शीश घाट झाड़ी में फंसे हालत में मिल गई। मिली जानकारी के अनुसार कछारपारा नानपुलाली निवासी विनोद पटेल उम्र 32 की पत्नी अपनी दो वर्षीय पुत्री तानिया पटेल को लेकर खारून नदी से निकलकर बहने वाले गुंजन नाले में नहाने गई थी। वहां अमरूद फल तोड़ते वक्त उसकी लापरवाही से मासूम अचानक नाले में तेज बहाव में फंस कर बह गई। इसकी जानकारी होने पर मासूम के परिजन लगातार खोजबीन करते रहे, यहां तक की पाली पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। ज्ञात रहे कि कोरबा एवं बिलासपुर जिले के बचाव राहत दल के नगर सैनिकों का दक्ष गोताखोरों के दलों ने अपने-अपने स्तर पर प्रयास किया था लेकिन कल देर शाम तक उसकी जानकारी नहीं मिली।

## विवेचना ऐसी हो जिससे आरोपी को सजा मिलेः एसपी मीणा

### » क्राईम मीटिंग में सूचनातंत्र मजबूत करने के साथ विवेचना का स्तर बेहतर करने का दिये निर्देश

**रायगढ़।** आज दिनांक 31/07/2021 को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना, चौकी प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग लिया गया।



क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा पूर्व मीटिंग में दिए गए एजेंडा बिंदुओं पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा किये जिसके बाद एक-एक थाना, चौकी प्रभारियों एवं सुपरविजन अधिकारी से थाने में लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग की समीक्षा किया गया, साथ ही मामलों के उचित निराकरण के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा थाने में जप्ती माल विशेषकर गांजा, शराब का जल्द से जल्द निराकरण कर अवगत कराने निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमावर्ती राज्य से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने सारंगढ़ डिवीजन के थाना प्रभारियों को बड़ी कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है। उनके द्वारा मीटिंग से ही सभी विवेचकों को गंभीर मामलों के अनुरूप जुआ-सट्टा, शराब जैसे मामलों में सटिक विवेचना करने के निर्देश दिये जिससे आरोपी को सजा मिलें। उन्होंने सभी राजपत्रित अधिकारियों को 420 मामलों की डायरी में अनुसंधानकर्ता की विवेचना की जांच एवं त्रुटि रहित चालान शीघ्र न्यायालय पेश कराने के निर्देश दिये हैं।

पूर्व में क्राइम मीटिंग में उनके द्वारा बीट प्रणाली को दुरुस्त करने के संबंध में दिए गए दिशा-निर्देशों पर सभी थानों में बीट सिस्टम बनाये जाने तथा उनमें पदस्थ स्टाफ की जानकारी लिए। उनके द्वारा आरक्षक से लेकर निरीक्षक तक को गांव वार्ड की जिम्मेदारी देने निर्देशित किया गया है और जल्द ही स्वयं किसी भी थाने के बीट चेक कर जानकारी लेना बताये। पुलिस अधीक्षक द्वारा व्हीआईपी मूव्हमेंट के पहले थाना, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में विशेष सावधानी बरतने कहा गया तथा जिले में अवैध शराब, जुआ- सट्टा, कबाड़ के साथ ही अवैध आर्म्स की जानकारी/सूचना पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारियों को उनके क्षेत्र जन सहयोग एवं थाना/चौकी द्वारा लगाये गये सीसीटीवी की जानकारी लिए और सीसीटीवी की संख्या बढाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम नाबालिकों की दस्तयाबी के लिये चलाये गये ऑपरेशन मुस्कान में दस्तयाबी की संख्या पर संतोष जाहिर किये तथा इसे इसी प्रकार जारी रखने का निर्देश दिये साथ ही गुम नाबालिकों में पतासाजी के लिए आवश्यकता अनुसार ईनाम उद्घोषणा जारी करने कहा गया है। उनके द्वारा थाने में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायत/समस्याओं को गंभीरता से सुनने एवं उचित कार्यवाही कर शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराने निर्देश दिया गया।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480